Rajasthan State Pollution Control Board
4, Institutional Area, Jhalana Doongri Jaipur-302 004
Ph: 5159600 Fax: 5159697

एफ–5 (सामान्य–155) / रा.रा.प्र.नि.मं. / टेक्सटाईल / दिनांक

विज्ञप्ति

जोधपुर एवं बालोतरा स्थित वस्त्र प्रसंस्करण (टेक्सटाईल प्रोसेसिंग) करने वाली औद्योगिक इकाईयों एवं इनके औद्योगिक संगठनों (एसोसिएशन) को सूचित किया जाता है कि जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं परिसंकटमय अपशिष्ठ नियम, 2008 के अन्तर्गत सम्बंधित इकाईयों के सम्मति आवेदनों पत्रों एवं प्राधिकार आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्मति / प्राधिकार पत्रों को आवेदन प्रस्तुत करने, आवेदन पत्रों की कमियों को पूर्ण करने एवं इकाईयों के मार्गदर्शन एवं सहायता हेतु राज्य मंडल द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2015 तक क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर एवं 12 अगस्त 2015 तक क्षेत्रीय कार्यालय बालोतरा में कार्यालय समय में शिविर (कैम्प) का आयोजन किया जा रहा है।

सभी संबंधित इकाईयों से अनुरोध है कि आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय, (जोधपुर या बालोतरा) में निर्धारित तिथियों को उपस्थित होकर सम्मति / प्राधिकार आवेदन पत्रों को पूर्ण कर प्रस्तुत करें। आवेदन पत्रों के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजो की सूचि राज्य मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

सदस्य सचिव